प्रादेशिक समाचार
आकाशवाणी जयपुर–अजमेर
दिनांकः 20.05.2025 समय : 01:00 पी.एम.

00000

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की 22 मई को प्रस्तावित बीकानेर यात्रा को लेकर सभी तैयारियां अंतिम चरण में हैं देशनोक में पलाना के पास होने वाली जनसभा के मद्देनजर सभास्थल पर विभिन्न व्यवस्थाएं की जा रही हैं तेज गर्मी को देखते हुए आयोजन स्थल पर विशेष इंतजाम किये जा रहे हैं भाजपा प्रदेशअध्यक्ष मदन राठौड़ ने कल सभास्थल का जायजा लियां उनके साथ चिकित्सा और स्वास्थ्य मंत्री गजेंद्र सिंह खींवसर भी मौजूद रहें गौरतलब है कि प्रधानमंत्री देश में पुनर्विकसित 103 रेलवे स्टेशनों का देशनोक से वर्चुअल उद्घाटन करेंगें श्री मोदी बीकानेर–मुंबई एक्सप्रेस ट्रेन को हरी झंडी दिखाकर रवाना करेंगें वहीं देशभर की कई अन्य परियोजनाओं का शिलान्यास और लोकार्पण भी करेंगें अमृत भारत स्टेशन योजना के तहत अब तक राजस्थान में आठ स्टेशन तैयार हो चुके हैं इन आधुनिक स्टेशनों में देशनोक, बूंदी, मांडलगढ, गोगामेडी, गोविंदगढ, मंडावर–महुआ रोड, फतेहपुर शेखावाटी और राजगढ शामिल हैं

0000

विदेश सचिव विक्रम मिसरी ऑपरेशन सिन्दूर पर भारत का पक्ष रखने के लिए दुनिया के कई देशों में जाने वाले सर्वदलीय सांसदों के प्रतिनिधिमंडल को आज ब्यौरा देंगें इससे पहले, सरकार ने ऑपरेशन सिंदूर पर पाकिस्तान प्रायोजित आतंकवाद के खिलाफ भारत के कड़े रूख को प्रस्तुत करने के लिए विभिन्न देशों में बहुदलीय प्रतिनिधिमंडल भेजने की घोषणा की थीं ऐसे सात प्रतिनिधिमंडल संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद् के सदस्य देशों सहित प्रमुख सहभागी देशों में जाएंगें 59 सांसदों के प्रतिनिधिमंडल कुल 32 देशों का दौरा करेंगें यह दौरा 23 मई से शुरू होकर पहली जून तक चलेगां

00000

राज्य में ऑपरेशन सिंदूर की सफलता के बाद भारतीय सेना की वीरता का जश्न मनाने के लिए विभिन्न आयोजन हो रहे हैं इसी कड़ी में आज शाम जयपुर में सिंदूर यात्रा निकाली जायेगीं ये यात्रा महिला सशक्तिकरण को समर्पित होगीं इसमें नारी शक्ति, संस्कृति और शौर्य का संगम देखने को मिलेगां वहीं जैसलमेर में आज शाम को तिरंगा यात्रा निकाली जायेगीं ये यात्रा विजयस्तंभ चौराहे से शुरू होकर गडीसर चौराहे तक पंहुचेगीं भीलवाडा में चित्रकूट धाम से तिरंगा यात्रा की शुरूआत होगीं उप मुख्यमंत्री डॉ. प्रेमचन्द बैरवा इसे रवाना करेंगें इस बीच कोटा विश्वविद्यालय ने तुर्कीए के दो विश्वविद्यालयों के साथ किये गये एमओयू समाप्त कर दिये हैं ये एमओयू शिक्षा के क्षेत्र में नवाचार के लिए किये गये थें गौरतलब है कि भारत और पाकिस्तान के बीच पिछले दिनों पैदा हुए तनाव के बाद पाकिस्तान की मदद करने वाले तुर्कीए का देशभर में बहिष्कार किया जा रहा हैं मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा ने परमवीर चक्र विजेता कंपनी हवलदार मेजर पीरू सिंह शेखावत को उनकी जयंती पर नमन किया हैं एक सोशल मीडिया पोस्ट में श्री शर्मा ने कहा कि श्री शेखावत की शौर्य गाथा भारत की भावी पीढ़ियों को हमेशा राष्ट्र सेवा के लिए स्वयं को समर्पित करने के लिए प्रेरित करती रहेगीं

00000

सीमा सुरक्षा बल –बीएसएफ ने घोषणा की है कि पंजाब सीमा सहित सभी तीन संयुक्त सैन्य चौकियों पर रीट्रिट समारोह आज फिर शुरू हो रहा हैं बीएसएफ के अनुसार समारोह आज मीडिया कर्मियों के लिए विशेष रूप से खुला रहेगां आम लोगों के लिए समारोह कल से खुलेगां अटारी, हुसैनीवाला और सादकी के रीट्रिट समारोह को इस महीने की आठ तारीख को आम लोगों के लिए निरस्त कर दिया गया थां गौरतलब है कि ऑपरेशन सिंदूर के एक दिन बाद रीट्रिट समारोह को रद्द करने का निर्णय लिया गया थां

00000

आईपीएल क्रिकेट में आज राजस्थान रॉयल्स का मुकाबला चेन्नई सुपर किंग्स से होगां ये मैच आज शाम दिल्ली के अरूण जेटली स्टेडियम में खेला जायेगां दोनों टीम प्ले ऑफ की दौड़ से पहले ही बाहर हो चुकी हैं इसके साथ ही फाइनल प्ले ऑफ के मुकाबले के लिए मुंबई इंडियन्स और डेल्ही कैपिटल्स मैदान में रह गए हैं गुजरात टाइटन्स, रॉयल चैलेजर्स बैंगलुरू और पंजाब किंग्स प्ले ऑफ मुकाबले के लिए पहले ही अपना स्थान सुनिश्चित कर चुके हैं

00000

प्रदेश में आज कोटा और उदयपुर संभाग में कुछ स्थानों पर दोपहर बाद आंधी चलने और हल्की बरसात होने की संभावना हैं ये दौर आने वाले चार–पांच दिन जारी रह सकता हैं मौसम विभाग के अनुसार बीकानेर, जयपुर और भरतपुर संभाग के कुछ भागों में अधिकतम तापमान 44 से 47 डिग्री सैल्सियस रहने और कुछ स्थानों पर हीटवेव दर्ज होने की आशंका हैं विभाग ने अगले 48 घंटों में तापमान में 1–2 डिग्री की बढ़ोतरी होने की संभावना जताई हैं

00000